एक नजर में

दृष्टिबाधित बच्चों का चेकअप शिविर

इंदौर. दृष्टि बाधित बच्चों के लिए चेकअप शिविर का आयोजन और दो बच्चों को नई उम्मीद मिलना वास्तव में प्रेरणादायक है. रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर अपटाउन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के द्वारा उनके प्रोजेक्ट दृष्टि के तहत यह चेकअप करवाया गया. दृष्टि बाधित बच्चों के लिए आयोजित चेकअप शिविर में दो बच्चों को नई उम्मीद मिली है. इस शिविर में प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ आराधना सहाय एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चेयरपर्सन घनश्याम सिंह ने बताया कि चोइथराम नेत्रालय के योग्य डॉक्टरों के द्वारा बच्चों की आंखों की जांच की गयी. क्लब के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया भोपाल से यह 27 बच्चे आये थे. वहां से बच्चों को रोटरी क्लब ऑफ़ भोज भोपाल और रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल हिल्स दो क्लब बच्चों को इंदौर लेकर आये थे. दो बच्चों को उनकी दृष्टि समस्याओं के लिए उचित उपचार मिला और उन्हें नई उम्मीद मिली.

निशुल्क मेगा योग शिविर का शुभारंभ

इंदौर. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में चमेलीदेवी योग केन्द्र के सहयोग से एयरपोर्ट 60 फीट रोड स्थित गुरूकृपा कालोनी के जयसियाराम स्मृति मंदिर परिसर में तीन दिवसीय निशुल्क मेगा योग कैम्प का शुभारंभ शुक्रवार को समाजसेवी गिरधारी कुसुमाकर, कैलाश कुसुमाकर, अनुराग, पंकज, मनोज गर्ग एवं शरद कदम के आतिथ्य में हुआ. आज पहले दिन ही करीब 200 साधकों ने शिविर में आकर योग की विभिन्न क्रियाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया. संयोजक किशोर गोयल एवं योग केन्द्र प्रभारी श्रीमती आशा बी. जैन ने बताया कि वरिष्ठ समाज सेवी विनोद अग्रवाल की प्रेरणा से इस योग केन्द्र पर 15 सितम्बर तक निशुल्क शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 7 से 8.30 बजे तक होगा और उसके बाद 16 सितम्बर से नियमित क्लास शुरू हो जाएगी. आज योग शिविर के शुभारंभ अवसर पर संयोजक राजेश बंसल, दिव्या शर्मा, गायत्री पानेरी, दिव्या चौहान, सरिता सेंगर, कल्पना व्यास, नेहा मंडलोई, दिव्या चौहान, प्रवीण मिश्रा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया. योगाचार्य मनोज गर्ग एवं श्रीमती आशा बी. जैन, जुम्बा प्रशिक्षक दिव्या शर्मा एवं गायत्री पानेरी ने साधकों को मेडिटेशन और त्राटक सहित योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया.

गुरु चयन में सजगत बरतनी चाहिए

इंदौर. हमारी श्रद्धा और आस्था का पात्र जितना बढ़ा और गहरा होगा, गुरूकृपा भी उतनी अधिक मिलेगी. आजकल कोई भी शिष्य बनने को राजी ही नहीं है, हर कोई सीधे गुरू बनना चाहता है. गुरू जन्म-जन्मांतर के अंधकार को दूर कर हमारे जीवन को सदगुणों से आलोकित करते हैं। गुरू के चयन में पूरी सजगता बरतना चाहिए. भारत में लाखों साधु - संत हैं, इनमें से यदि एक दो खराब निकल जाएं तो क्या इससे साधु समाज के पास जाना छोड़ देना चाहिए. भागवताचार्य पं. हर्ष शर्मा ने श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में श्री सनाढ्य सभा महिला मंडल द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में गगन दुबौलिया, जयदीप बिरथरे श्यामचरण तिवारी, लेखराज शर्मा, अमित शर्मा, दीपक बिरथरे, लीलाधर तिवारी, अनिल दुबे, दिलीप पाराशर, विशाल शर्मा, संजीव वशिष्ठ आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। ज्ञान यज्ञ का यह आयोजन 17 सितम्बर तक चंद्रभागा जूनी इंदौर स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक जारी रहेगा।

मंगल मूर्ति बाल स्वरूप में विराजे



इंदौर. देवी अहिल्या की नगरी गणेशोत्सव का दौर खूब चरम पर चल रहा है, जिधर गुर्जरों उधर बप्पा का जय घोष सुनाई दे रहा है, बाबा की भक्ति में हर कोई लीन नजर आ रहा है तिलक नगर (दुर्गा माता मंदिर के सामने, मेंन रोड) में 12 वर्षों से गणेश उत्सव मनाया जाता है यहा बाल स्वरूप में मंगल मूर्ति दर्शन दे रहे हैं. 15 फीट कि भव्य प्रतिमा पर 51000 रूपए के नोटो की माला आकर्षण का केंद्र है वही तिलक नगर के राजा खासियत यह है कि यहां चंदा नहीं किया जाता, समिति सदस्य स्वयं ही इस उत्सव का खर्च उठाते हैं। तिलक नगर गणेश उत्सव समिति के रवि यादव ने बताया कि स्व. हरीश यादव की स्मृति में यह आयोजन विगत 12 वर्षों से किया जा रहा है. यहां समिति के सदस्य ही गणेश उत्सव की तैयारी शुरू से करते आ रहे हैं इसलिए यहां पर चंदा वहीं लिया जाता से ही खर्च उठाते हैं।

हनुमान स्वरूप में विराजे भगवान गणेश

इंदौर. शहर के मध्य 50 वर्षों से लगातार गणेश उत्सव मनाने की परंपरा को काक्षी मोहल्ला स्थित बाल गोपाल मित्र मंडल कायम रखे हुए हैं, यहा हनुमान स्वरूप में भगवान गणेश के राम नाम जप कर कर रहे है इनके दर्शनों के लिए हजारों भक्त महाआरती में रोजाना शामिल हो रहे हैं. काक्षी मोहल्ला के बाल गोपाल मित्र मंडल समिति के शांतनु सिंह यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान गणेश उत्सव मनाया जा रहा है. 50 वर्षों से गणेश उत्सव की परंपरा लगातार कायम है. रोजाना शाम को यहां पर महा आरती और फिर देर रात तक दर्शनों का क्रम जारी रहता हैं. प्रमुख रूप से गोपाल सिंह यादव पहलवान, दाऊ व्यास, राकेश कुशवाहा, गौरव व्यास, शुभम दौलिया, सारांश यादव, आकाश वीरहे, विशाल सेजवार, मयूर व्यास, सोनू कुशवाह, सेलू कुशवाहा, सुधीर व्यास राजेश व्यास अमन मालवीय, मुकेश दोलिया आयुष शिवहरेआदि प्रमुख रूप से अलग-अलग समितियां के माध्यम से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था बनाए हुए हैं.

खनूजा पंजाबी साहित्य अकादमी के निर्देशक नियुक्त

इन्दौर. मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद में इंद्रजीतसिंह खनूजा को पंजाबी साहित्य अकादमी में निर्देशक पद पर नियुक्त किया गया है. खनूजा की इस नियुक्ति पर सिख समाज में हर्ष व्याप्त हैं. सिद्धू छाबड़ा ने बताया कि मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग ने पंजाबी साहित्य अकादमी में की गई खनूजा की इस नियुक्ति पर श्री गुरू सिंघ सभा (मप्र/छग) एवं संस्था अरदास के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है.

छाबड़ा पावर लिफ्टिंग संस्था में चेयरमेन नियुक्त

इन्दौर. मध्यप्रदेश रा पावर लिफ्टिंग में गुरवीर छाबड़ा को चेयरमेन पद नियुक्त किया गया है. छाबड़ा की इस नियुक्ति पर अनेक खेल संगठनों के साथ सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने बधाई दी. गुरवीन छाबड़ा ने कहा कि युवाओं को पावर लिफ्टिंग में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा साथ ही समय-समय पर प्रतियोगिता में आयोजित की जाएगी. गुरवीन की नियुक्त पर सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, नगर अध्यक्ष गौरव रणदीवे, किशोर राजोरे, सुमित राठौर, अनामिका पटेरिया सहित खेल से जुड़े प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दी है.

खड़े गणपति से टिगरिया बादशाह तक सौ फीट चौड़ी सड़क

15 मिनट में सीधे सुपर कॉरिडोर पहुंच सकेंगे

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर के पश्चिम क्षेत्र में सौ फीट चौड़ी सड़क का काम चल रहा है. तीन किलोमीटर लंबी सड़क में से डेढ़ किलोमीटर हिस्सा बन चुका है. इस सड़क में 3 सौ से ज्यादा निर्माण बाधक है. कुछ नगर निगन ने हटाएं भी है. यह सड़क बनने के बाद 10 मिनिट में सुपर कॉरिडोर पहुंच जाएंगे. यह सड़क अगले जून तक पूरी बन जाएगी.

पश्चिम क्षेत्र में 15 वी बटालियन के आगे बाणगंगा के खड़े गणपति से नंदबाग कॉलोनी होते हुए टिगरिया बादशाह सड़क बन रही है. टिगरिया बादशाह से यह सड़क सुपर कॉरिडोर पर यश टेक्नोलॉजी और टीसीएस चौराहे पर जुड़ेगी. यह सुपर कॉरिडोर पर जाने के लिए सबसे छोटा रास्ता है, जिसकी लंबाई मात्र तीन किलोमीटर है. इस सड़क को नगर निगम बना रहा है, लेकिन पैसा आईडीए दे रहा है. नगर निगम ने

इस सड़क को बनाने का ठेका 40 करोड़ सोम कंस्ट्रक्शन को दिया है। आईडीए निगम को 55 करोड़ रुपए भुगतान करेगा। आईडीए करीब 25 करोड़ रुपए निगम को दे भी चुका है।

सौ फीट चौड़ी सड़क का काम चल रहा है, जिसमें से 1.5 किलोमीटर का हिस्सा बन चुका है. ठेकेदार कंपनी सोम कंस्ट्रक्शन को सड़क बीस माह में काम पूरा करना है. तीन किलोमीटर लंबे मार्ग में 3 सौ निर्माण में बाधक है. बस्तियां के कच्चे पक्के मकान है. नगर निगम ने सड़क चौड़ाई में बाधक बस्तियों रहवासियों को हटने के नोटिस दे दिए है. सड़क के करीब 75 से ज्यादा बाधक निगम हटा चुका है और धीरे धीरे सड़क बनने के साथ बाधक भी हटाएं जा रहे है.

महत्वपूर्ण मार्ग साबित होगा...

उक्त सड़क बनने के बाद भविष्य में सुपर कॉरिडोर से शहर में आने-जाने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण मार्ग साबित होगा। साथ ही आगे जाकर मास्टर प्लान की मेजर रोड 5 से भी जुड़ जाएगी. एमआर ज-5 का 6 सौ मीटर का हिस्सा आईडीए बना चुका है. इस मार्ग का टिगरिया बादशाह के ग्रामीण सुपर कॉरिडोर से आने जाने में कर रहे है. सड़क पूरी होने पर शहर में इंट्री के लिए एक नए मार्ग के साथ उज्जैन और धार रोड की तरह जाने के लिए सुपर कॉरिडोर से बाहर आसानी से निकल सकेंगे.

25 प्रतिशत निर्माण स्वयं लोगों ने हटा लिए

यह सड़क बाणगंगा से शहर के वीआईपी मार्ग सेजुद जाएगी. निगम के जनकार्य विभाग सहायक यंत्री नरेश जायसवाल ने कहा कि सड़क निर्माण में बाधक निर्माण सड़क बनने के साथ हटाएं जा रहे है. अभी तक 25 प्रतिशत निर्माण स्वयं लोगों ने हो हटा लिए है और हटाते जा रहे है.

निगम उपचुनाव में भाजपा का गढ़ नहीं तोड़ पाई कांग्रेस

इंदौर नगर निगम के उपचुनाव में कांग्रेस एक बार फिर भाजपा का गढ़ नहीं तोड़ पाई है. वार्ड नंबर 83 के उपचुनाव में भाजपा के जितेंद्र राठौर ने कांग्रेस के विकास जोशी को 4255 से अधिक मतों से हराया.

भाजपा प्रत्याशी जीतू राठौर ने 6490 मत हासिल करते हुए 4255 मतों से जीत दर्ज की. कांग्रेस के प्रत्याशी विकास जोशी को चुनाव में 2235 मत हासिल हुए. इस वार्ड पर पिछले करीब दो दशक से भाजपा का कब्जा है. खास बात यह है कि कांग्रेस कुल मतदान का 25 फ़ीसदी के लगभग ही मत प्राप्त कर पाई. 2022 में हुए नगर निगम चुनाव में भी कांग्रेस को लगभग इतने ही मत मिले थे लेकिन मतदान अधिक होने से भाजपा की लीड 11000 से अधिक मतों की हो गई थी जो की इंदौर में सबसे अधिक थी. इस बार लगभग 9000 मत डाले गए थे. कांग्रेस प्रत्याशी को 2235 मत मिले. जाहिर है लीड के अंतर का प्रतिशत वही है जो 2022 के नगर निगम चुनाव में था. इसका मतलब यह है कि कम मतदान के बावजूद भाजपा ने अपने मतदाताओं को निकालने में सफलता प्राप्त की है. इस जीत से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 की विधायक मालिनी गौड़ के कद में इजाफा हुआ है. एक बार फिर साबित हुआ कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 की सबसे बड़ी भाजपा नेता वही हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के गृह नगर में कांग्रेस की यह लगातार तीसरी पराजय है. विधानसभा और लोकसभा चुनाव हारने के बाद इसी वार्ड में एक बार फिर कांग्रेस को शिकस्त मिली है. बहरहाल, इस वार्ड में 21 हजार 700 से ज्यादा मतदाता हैं, लेकिन 11 सितंबर को हुए मतदान में इनमें से सिर्फ 41.32 प्रतिशत ने ही मतदान में हिस्सा लिया था. मतदाताओं की अरुचि के चलते भाजपा, कांग्रेस दोनों ही दलों के नेताओं की सांसें ऊपर-नीचे हो रही थीं, हालांकि इस वार्ड को भाजपा का परंपरागत वार्ड माना जाता है. इस वार्ड से भाजपा के कमल लड्ढा वर्ष 2022 में हुए चुनाव में निर्वाचित हुए थे. उन्होंने 11,103 मतों से जीत हासिल की थी। नगर निगम चुनाव में लड्ढा की जीत सबसे बड़ी जीत थी.

रामचरित मानस में जीवन जीने की कला के अनेक मंत्र मौजूद : दीदी मां मंदाकिनी

इंदौर. संत की वाणी पर विश्वास रखेंगे तो बेड़ा पार होकर रहेगा ही। कलियुग में संत मिलन को सर्वोच्च सुख माना गया है. गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में जीवन जीने की कला के ऐसे अनेक मंत्र दिए हैं, जिन्हें हम अपने जीवन में आत्मसात कर जीवन को सार्थक बना सकते हैं.

ये विचार हैं प्रख्यात मानस मर्मज्ञ श्रीराम किंकर की कृपापात्र शिष्य ' मंदाकिनी दीदी मां के, जो उन्होंने शुक्रवार शाम गीता भवन सत्संग सभागृह में गीता भवन ट्रस्ट, एकल हरि सत्संग समिति एवं राधे सत्संग महिला मंडल के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा के दिव्य अनुष्ठान में व्यक्त किए प्रारंभ में गीता भवन ट्रस्ट की ओर से महेशचंद्र शास्त्री, रामविलास राठी, एकल हरि सत्संग समिति की ओर से श्रीमती कमल राठी, वीणा चौखानी, राजकुमारी मंत्री, उमा अग्रवाल, रीता राठी, कृष्णा माहेश्वरी तथा राधे सत्संग महिला मंडल की ओर से संस्थापक कांता अग्रवाल, सुशीला मोदी, साधना गोयल, सुमन अधिकारी, उषा बंसल, उमा गर्ग आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया. दीदी मां के प्रवचन 15 सितम्बर तक प्रतिदिन अपरान्ह साढ़े 4 से 7 बजे तक होंगे।

शहर में सुरक्षा के लिए लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, मिली शासन से अनुमति

सार्वजनिक स्थानों के साथ ज्यादा भीड़ वाली जगह पर होगी मॉनिटरिंग



नवभारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम शहर में जनभागीदारी से सीसीटीवी कैमरे लगाएगा। इसके लिए राज्य सरकार से अनुमति मिल गई है. अब निजी के साथ सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगना शुरू हो जाएंगे. सीसीटीवी से शहर में सुरक्षा और स्वच्छता की निगरानी रखने में मदद मिलेगी.

पिछले दिनों महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा था कि शहर को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा. इसके तहत संपत्ति कर और जलकर का डिजिटलाइजेशन पोर्टल बनाने के शुरुआत की. संपत्ति और जल कर का पोर्टल जनवरी से शुरू हो जाएगा. महापौर भार्गव ने शहर में जनता की सुरक्षा, स्वच्छता अभियान के साथ सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ पर निगरानी रखने के लिए राज्य सरकार से सीसीटीवी कैमरे लगाने योजना लागू करने की अनुमति देने को कहा था. आज राज्य सरकार ने शहर हित में इसका राजपत्र घोषित के दिया है.

नगर निगम के अलावा शहर के सभी बाजारों में व्यापारिक संगठन, अस्पतालों, कोचिंग सेंटर, सरकारी और निजी स्कूल दोनों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट सहित सभी भीड़ भरे इलाकों में सीसीटीवी कैमरे की तैनाती होगी. खास बात यह के खुले मैदानों के साथ 1000 से ज्यादा भीड़ एकत्र होने वाली जगह पर भी कैमरे लगाए जाएं, ऐसा प्रस्ताव गजट नोटिफिकेशन में किया गया है.

मानीटरिंग आसान हो जाएगी

सीसीटीवी कैमरे लगाने से जनता की सुरक्षा और अपराधिक गतिविधियों पर नज़र रखी जा सकती है. इससे नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, खास कर स्वच्छता अभियान की निगरानी भी होगी. उसके तहत सफाईकर्मी की उपस्तिथि से लेकर दुकानदार, व्यापारिक प्रतिष्ठान और होटल्स, मॉल जैसे स्थानों से बड़ी मात्रा में निकलने वाले कचरे की मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी.

तलघर का व्यावसायिक उपयोग करने वाले तीन संस्थान सील

प्रशासन ने पार्किंग को लेकर कारवाई

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर में आज प्रशासन ने पार्किंग की जगह व्यवसायिक उपयोग करने वाले तीन संस्थानों को सील करने के कारवाई की. आज से प्रशासन ने शहर में यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए मुहिम शुरू की है. इसके तहत एमजी रोड और ग्रेटर कैलाश मार्ग स्थित बिल्डिंगों को टारगेट किया.

आज दिन में प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के संयुक्त अमले ने शहर में सड़कों पर वहां खड़े होने के कारण ट्रैफिक जाम समस्या को दूर करने की कार्रवाई शुरू की. इसके तहत पार्किंग की जगह पर कब्जा करके व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है, ऐसे प्रतिष्ठानों को सील किया गया. प्रशासन की संयुक्त कारवाई में एमजी रोड पर खंडेलवाल सुजुकी, कासलीवाल होंडा और ग्रेटर कैलाश मार्ग पर नवनीत प्लाजा के तल घर में संचालित रेस्त्रां, चाय और अन्य वस्तुओं की दुकानों बंद करवाया गया.

साथ ही उक्त स्थान खाली करने के नोटिस दिए गए है. इस कारण उक्त तलघरों में पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह होने के साथ सड़कों पर पार्किंग नही होंगे और यातायात भी बाधित नहीं होगा।

बताया जाता है कि उक्त तीनों स्थानों पर लगभग एक हजार दो पहिया/चार पहिया वाहनों की पार्किंग हो सकेगी.

विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया

आज एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर, एसीपी तुषार सिंह, निगम भवन अधिकारी गीतेश तिवारी के साथ नगर निगम के संयुक्त दल ने एम जी रोड एवं ग्रेटर कैलाश मार्ग पर विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान एम.जी. रोड स्थित खंडेलवाल सुजुकी, कासलीवाल होंडा का सर्विस सेंटर बेसमेंट में संचालित हो रहा था, जिसे मौके पर सील ही कर दिया गया. इसके बाद टीम ग्रेटर कैलाश मार्ग पर नवनीत प्लाजा में पहुंची और पार्किंग की जगह पर दुकानें संचालित होने पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, मौके सील कर दी गई.

नोटिस के बाद भी व्यावसायिक गतिविधियां हो रही थीं

ध्यान रहे कि 'नवभारत' ने कुछ दिनों पूर्व शहर की कई बिल्डिंगों में पार्किंग स्थल पर रेस्त्रां, ऑटो मोबाइल सर्विस सेंटर और होटलों में किचन संचालित करने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी. इसके बाद कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा निर्देश तलघर में पार्किंग स्थल पर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने वालों को नगर निगम ने नोटिस दिए थे. उक्त नोटिस के बाद भी पार्किंग स्थल पर व्यवसायिक गतिविधि हो रही थी.

व्यक्तिगत हाउसिंग लोन सेगमेंट के विस्तार पर ध्यान : अधिकारी

किफायती हाउसिंग को दे रहे बढ़ावा

इंदौर. अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रीमंडल द्वारा पीएमएवाई 2.0 को मंजूरी मिल जाने के बाद किफायती हाउसिंग सेगमेंट में फिर से एक सकारात्मक लहर आई है. एलआईसीएचएफएल ने भारत सरकार के पीएमएवाई 2.0 अभियान के अंतर्गत गृह सुगम होम लोन उत्पाद पेश किया है. यह उत्पाद उन स्व-रोजगारी लोगों के लिए डिज़ाईन किया गया है, जिनके पास औपचारिक आय का प्रमाण नहीं होता है. इसमें उन्हें आवासीय संपत्तियों को खरीदने, निर्माण करने, विस्तार करने या रेनोवेट करने के लिए लचीला फाईनेंस मिल सकेगा.

एलआईसी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ त्रिभुवन अधिकारी ने कहा हम हाउसिंग फाईनेंस के सेक्टर में अपनी स्थिति मजबूत करते रहेंगे. हमारा मुख्य ध्यान व्यक्तिगत हाउसिंग लोन सेगमेंट का विस्तार करने पर केंद्रित है, जिसमें गृह होम लोन उत्पाद को स्वरोजगारियों के लिए अनुकूलित करने से मदद मिलेगी क्योंकि पीएमएवाई 2.0 के लाभार्थी ये स्वरोजगारी हैं, जिनके पास आय का कोई औपचारिक प्रमाण नहीं है. हम सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों के साथ अपने उत्पादों का तालमेल बनाते रहेंगे, ताकि हाउसिंग के स्टॉक को बढ़ावा मिले. हाउसिंग सेक्टर आर्थिक वृद्धि के मुख्य चालकों में से एक है, और स्थिर ब्याज दर के नियम से लोन लेने वालों को मदद मिल सकेगी. आगामी त्योहारों के मौसम के साथ इस प्रवृत्ति के और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है. गृह सुगम के अंतर्गत 5 लाख रुपये से 25 लाख रुपये की लोन राशि और 25 सालों की अधिकतम पुनर्भुगतान अवधि के साथ छोटे व्यवसाय मालिकों, दुकानदारों, और उद्यमियों को आसानी से फाईनेंस मिलेगा. फाईनेंस देने के लिए आवेदक की आय का आकलन उसके कैश फ्लो के आधार पर किया जाएगा. एलआईसी एचएफल किफायती हाउसिंग को बढ़ावा देने और हाउसिंग फॉर ऑल का मिशन पूरा करने के लिए समर्पित है।

रचना शर्मा पौराणिक का शास्त्रीय गायन आज

इंदौर. साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर पर माधवनाथ महाराज की प्रेरणा से प्रतिमाह दूसरे एवं तीसरे शनिवार को शहर के कलाकारों को शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय संगीत को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आमंत्रित करने की श्रृंखला में 14 सितम्बर को सायं 7.30 बजे से रचना शर्मा पौराणिक अपने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगी. नाथ मंदिर संस्थान के सचिव संजय नामजोशी ने बताया कि रचना शर्मा पौराणिक ने प्रारंभिक शिक्षा सात वर्ष की उम्र में अपनी माता उर्मिला पौराणिक एवं पिता सुभाष पौराणिक से प्राप्त कर खैरागढ़ वि.वि. से एम. म्युज की उपाधि प्राप्त की एवं देवी अहिल्या वि.वि. से पीएच.डी. उपाधि प्राप्त कर गायन की शिक्षा पं. रामप्रसाद शर्मा इंदौर से ली.

JANA SMALL FINANCE BANK
(A scheduled commercial bank)

रजिस्टर्ड ऑफिस : द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4, स्कीम नं. 54, नियर कंट्री इन होटल, मेन एबी रोड, विजय नगर, इन्दौर-452010

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) और 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है जहां है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

क्र.	लोन एकाउंट नं.	मूल देनदार/सह देनदार/गारंटर का नाम	13-2 नोटिस तिथि	कब्जा तिथि	वर्तमान बकाया	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि ईएमडी रु. में	ई-नीलामी तिथि व समय	बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान
1.	30609440000239 और 30609630000329	1. श्री मनोज सोलंकी आत्मज विक्रम सोलंकी 2. श्रीमती आशा सोलंकी पत्नी मनोज सोलंकी	23-10-2023	22-7-2024	रु. 11,01,614.82 (रु. ग्यारह लाख एक हजार छह सौ चौदह व पैसा बयासी मात्र) 6-9-2024 को	20-9-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक	रु. 9,96,000/- (रु. नौ लाख छियानवे हजार मात्र)	रु. 99,600/- (रु. निन्यानवे हजार छह सौ मात्र)	22-10-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक	21-10-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4 स्कीम नंबर 54, नियर कंट्री इन होटल मेन ए.बी. रोड, विजय नगर इन्दौर-452010

संपत्ति विवरण/अनुसूची- मकान संख्या 123, सरल संख्या 890 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा. कुल क्षेत्रफल 1600 वर्ग फीट (148.69 वर्ग मीटर) तथा उस पर निर्माण सहित खसरा संख्या 501 का भाग, ग्राम अवल्या पिपल्या, पीएच. नं. 73, ग्राम पंचायत औसल्या पीपल्या तहसील एवं जिला देवास (म.प्र.) की सीमा के अन्दर. पूर्व में- नीलेश की कृषि भूमि, पश्चिम में- प्रधानमंत्री रोड, उत्तर में- दिनेश का मकान तथा दक्षिण में- मुकेश का प्लॉट.

संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' आयोजित किया जा रहा है और ई-नीलामी 'ऑनलाइन' आयोजित की जाएगी. उपरोक्त संपत्ति की खरीद से संबंधित सभी भुगतान किसके पक्ष में किए जाएंगे जना लघु वित्त बैंक. नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स के माध्यम से आयोजित की जाएगी. 4 वेब पोर्टल https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर बंद होना. अधिक जानकारी के लिए और ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता एम/एस से संपर्क कर सकते हैं. 4 समापन; श्री अरिजीत कुमार दास से संपर्क करें, संपर्क नंबर- 8142000725. ईमेल आईडी- info@bankauctions.in / arigit@bankauctions.in. ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया जन लघु वित्त बैंक के अधिकारी श्री अजय नाइक से संपर्क करें (मो.नं.9960948687) एवं श्री महेंद्र ब्रम्हणे (मो.नं.9029290202). प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है. हालांकि इच्छुक बोली- बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए. कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी. यह उपरोक्त नामित उधारकर्ताओं के लिए भी एक सूचना है. गिरवी संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में गारंटर/बंधककर्ता/उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को अद्यतन ब्याज और सहायक राशि के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है. नीलामी की तारीख से पहले के खर्च, ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

दिनांक- 14-9-2024, स्थान- इन्दौर

ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड